Title: Requests the Labour Minister to intervene to restart M/s Plywood Factory as Asia Fertilizer in Sitapur, Uttar Pradesh.

श्री जनार्दन प्रसाद मिश्र (सीतापुर) : माननीय सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के सीतापुर में मैसर्स सीतापुर प्लाईवुड प्रोडक्टस ऐशिया की सबसे बडी प्लाईवुड फैक्ट्री है जिसे वहां के मालिकों ने १६ जुलाई से बंद कर दिया गया जिसके कारण वहां के श्रमिक और समस्त कर्मचारी भूखों मरने के कगार पर हैं। उनके प्रौवीडेंट फंड का जो पैसा फैक्ट्री काटती थी, वह पैसा भी भविष्य निधि में जमा नहीं किया गया जिसके नाते उनको प्रौवीडेंट फंड नहीं मिल रहा और जो रिटायर हो गए हैं, उनको पैंशन भी नहीं मिल रही है। अतः मैं श्रम मंत्री जी से मांग करता हूं कि इसमें तत्काल हस्तक्षेप करके फैक्ट्री खुलवाने तथा उनको पैसा दिलवाने का काम करें।